-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति टीम द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामों में आयोजित किए गए सघन जागरुकता कार्यक्रम। थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकुमार इण्टर कॉलेज नरैनी, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरवा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को महिला अपराधों, गुड टच –बैड टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में दी गई जानकारी तो वहीं थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पंचायत महोखर में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया गया जागरुक।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे **मिशन शक्ति- 5.O** अभियान के तहत **पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल** के निर्देशन में आज दिनांक 25.12.2024 को सघन जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकुमार इण्टर कॉलेज कस्बा नरैनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान बालिकाओं को साइबर अपराधों, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीडनन जैसे अपराधों के बारे में जानकारी दी गई तथा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी। थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को गुड टच- बैड टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई, इस दौरान क्रिसमस-डे के अवसर पर बच्चों को टॉफी व चॉकलेट वितरित किया गया। थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पंचायत महोखर में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया गया।